सावन, मास , वर्ष-10, अंक 144, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज बुधवार 14 अगस्त, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के

# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कौशलं बलम्

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE NAINI ALLAHABAD

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियों का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance

## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*


PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**

Enjoy Publicity

आधुनिक समाचार ™
हिन्दी दैनिक
प्रदेश आस/पास
प्रयागराज बुधवार 14 अगस्त, 2024

# बंगाल-असम, बिहार-झारखंड से आने वाली ट्रेनें एटीएस के रडार पर, बांग्लादेश हिंसा के बाद बरती जा रही सतर्कता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** बांग्लादेश में हिंसा के बाद अवैध तरीके से भारत आने का प्रयास करने वालों को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। ऐसे में वाराणसी में रेलवे स्टेशनों पर बंगाल-असम, बिहार-झारखंड से आने वाली ट्रेनें के रडार पर हैं। बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद पश्चिम बंगाल, असम, बिहार और झारखंड से आने वाली ट्रेनें आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के रडार पर हैं। चंदौली के पीडीडीयू जंक्शन के साथ ही वाराणसी स्टेशन आने वाली ट्रेनों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। देखा जा रहा है कि कोई बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत में आने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। एटीएस की दो टीमें दोनों रेलवे स्टेशनों की निगरानी कर रही हैं।बांग्लादेश में हिंसा के कारण हालात बिगड़ गए हैं। बीएसएफ के जवानों ने त्रिपुरा, मेघालय और पश्चिम बंगाल की सीमा से भारत में घुसने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा भी है। बांग्लादेश से भारत में अवैध प्रवास को लेकर पूर्वांचल पहले भी चर्चाओं में रहा है, ऐसे में एटीएस ने पैनी नजर बना रखी है। अफसरों का कहना है कि पूर्व में बांग्लादेश से अवैध तरीके से लोगों को भारत लाने वाले नेटवर्क की टोह ली जा रही है। साथ ही बिहार, झारखंड और कोलकाता से आने वाली अंतरराज्यीय बसों की भी निगरानी की जा रही है। अवैध प्रवास के प्रयास के मामले में संलिप्तता मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी कागज बनवाने वाले दो जमानत पर बाहर 2021 से 2024 के बीच बांग्लादेशियों को अवैध तरीके से भारत लाने के आरोप में आठ लोग एटीएस द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। बांग्लादेशियों के भारत के फर्जी कागजात बनवाने वाले फिलहाल दो आरोपी जमानत पर हैं। जमानत पर जेल से छूटे आरोपियों के साथ ही उनके करीबी भी एटीएस की निगरानी में हैं।



# इलाहाबाद गेस्ट हाउस असोसिएशन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान सफल बनाने को संकल्पित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को 2022, 2023 में सभी ने मिलकर भव्यपूर्ण सफल क्रियान्वयन किया गया। इलाहाबाद गेस्ट हाउस असोसिएशन द्वारा हर घर तिरंगा कि जमीनी तैयारियों कि समीक्षा बैठक अध्यक्ष भाई गुफरान अहमद जी के न्यू-कटरा स्थित कैंप कार्यालय में आहूत की गयी साथ मे तिरंगा वितरण किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद गेस्ट हाउस एसोसिएशन के अध्यक्ष भाई गुफरान अहमद जी, उपाध्यक्ष श्री विद्यासागर केसरी जी, प्रकाशन मंत्री भाई शाहिद कमाल बबलू भाई, नैनी जोनल आकाश जायसवाल जी, मोहम्मद हामिद भाई व अन्य वरिष्ठ गण उपस्थित रहे।



# घर के अंदर पत्नी और दो किलोमीटर दूर खेत मिला पति का शव, मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया। मंगलवार की सुबह दूसरी तरफ पति का शव घर से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत में मिला। जानकारी के अनुसार संतोष उर्फ राजू अपनी पत्नी आरती उर्फ सन्न रह गए। वहां आरती का शव बिस्तर पर पड़ा था। आसपास सारा सामान जला हुआ था। वहीं कमरे से लगभग दो किलोमीटर दूर खेत



पति- पत्नी का शव संदिग्द परिस्थितियों में मिला। वाराणसी जिले के चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर चौकी अंतर्गत गुरवट ग्राम में मंगलवार की सुबह पति- पत्नी का संदिग्धावस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक तरफ जहां पतनी का शव कमरे में मिला, वहीं रूपाली चैनपुर नेवादा अंबेडकरनगर के साथ गुरवट ग्राम में किराए के मकान मेंरहता था। दो महीने पहले पति- पतने घर गए थे और सोमवार को ही लौटे थे। मंगलवार की भोर में कमरे से जलने की बदबू आने पर आरती के पिता बाबूलाल कमरे में गए तो अंदर का नजारा देखकर में संतोष का शव पड़ा हुआ मिला। संतोष के गले पर रस्सी का निशान मिला। सूचना मिलते ही डीसीपी चंद्रकांत मीणा, एडीसीपी टी सरवन, एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी थाना प्रभारी चोलापुर ईश्वर दयाल दुबे मौके पर पहुंचे। साथ ही मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची।

# मनमोहक प्रस्तुतियों के बाद शान से निकली तिरंगा यात्रा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** मां तुझे प्रणाम' रैली के तहत मंगलवार सुबह राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज में राष्ट्रगान हुआ, फिर देशभक्ति को दर्शाती रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में शहर के हजारों लोग शामिल हुए। हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जयघोष के साथ छात्र-छात्रा कदम आगे बढ़ रहे हैं। रास्ते में जागह-जागह सामाजिक और व्यापारिक संगठनों की ओर से उनका स्वागत भी किया जा रहा है। रैली राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज से शुरू होकर जगतगंज तिराहा, मरी माई मंदिर तिराहा, चौरा माता मंदिर, तेलियाबाग तिराहा, पटेल धर्मशाला के सामने पहुंचेगी। यहां से श्रीराम मशीनरी मार्केट, विनायक प्लाजा मलदहिया, लोहामंडी चौराहा होते हुए वापस क्वींस कॉलेज पर आकर समाप्त होगी 'मां तुझे प्रणाम' की कड़ी में राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों में गजब का का उत्साह देखने को मिला। देशभक्ति के तरानों पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। दिल में देशभक्ति का जज्बा और जुबां पर मां भारती का तराना। हाथों में लहराते तिरंगे के साथ हजारों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा में भागीदारी निभाई। इस दौरान सड़क पर भारत माता की जय और वंदे मातरम् की गूंज रही। सभी ने एकता और अखंडता का संकल्प लिया।स्कूल के बच्चों की ओर से प्रस्तुत की गई सजीव झांकियां इस एकता पदयात्रा के आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान पूरे रास्ते तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। मां तुझे प्रणाम के तहत भेलूपुर सर्कल की पुलिस ने ट्रामा सेंटर से तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान एसीपी भेलूपुर ने पुलिस अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा को तिरंगा बैच लगाकर यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और स्कूली बच्चों के साथ समाजसेवी कार्यकर्ता शामिल रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान सड़क पर गजब का नजारा देखने को मिला। हाथ में तिरंगा लिए छात्र- छात्राएं वंदे मातरम, भारत माता की जय का उद्घोष करते चल रहे थे।



# सांसद निधि के कार्यों में दिलचस्पी न लेने पर नोटिस सीडीओ ने तीन सहायक अभियंताओं पर की कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी में समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ ने तीन अभियंताओं को कारण बताओ मयंक चौधरी और प्रज्ञा परमिता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही अभियंत्रण विभाग के नकुल रविदास और अमरेश बिंद



नोटिस जारी किया। साथ ही उन्होंने दो का वेतन रोकने को कहा। सीडीओ हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन में सांसद निधि, विधायक निधि और सीएसआर योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद कार्यों में दिलचस्पी नहीं लेने पर सीडीओ ने सहायक अभियंता अभियंता ग्रामीण शेखर शरण, का वेतन रोकने का आदेश दिया। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिए कि सांसद और विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों में प्रतिदिन पांच कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट और फोटोग्राफ उपलब्ध कराएं। अधिशासी अभियंता यूपी सिडको को अपूर्ण कार्यों को 15 सितंबर तक पूरा करने को कहा।












## संक्षिप्त समाचार

### डेंगू पर कितना प्रभावी है क्यूडेंगा वैक्सीन डब्लूएचओ ने किया अप्रूव; 2 ही डोज असरदार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डेंगू की वैक्सीन 'क्यूडेंगा' ने इस बीमारी के मामले के कम करने में 50 प्रतिशत से अधिक असर दिखाया है। इसका असर लंबे समय तक बना रहता है। 19 अध्ययनों की



समीक्षा से यह जानकारी मिली है। इस समीक्षा में 20 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। क्यूडेंगा वैक्सीन डेंगू पर 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मई में इस वैक्सीन को पूर्व-स्वीकृति दी थी। इटली की फेरारा विश्वविद्यालय से जुड़ी और जर्नल वैक्सीन में प्रकाशित अध्ययन की मुख्य लेखिका मारिया एलेना फ्लैको ने कहा कि वैक्सीन की दो डोज निस्संदेह डेंगू की रोकथाम के लिए असरदार हो सकती हैं।विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मई में इस वैक्सीन को पूर्व-स्वीकृति दी थी। जापान की टेकेडा फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा विकसित क्यूडेंगा वैक्सीन को टीएके-003 भी कहा जाता है। समीक्षा के अनुसार वैक्सीन की दो डोज लगवाने के बाद 90 प्रतिशत से ज्यादा वयस्कों और बच्चों में डेंगू के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया हुई इटली की फेरारा विश्वविद्यालय से जुड़ी और जर्नल 'वैक्सीन' में प्रकाशित अध्ययन की मुख्य लेखिका मारिया एलेना फ्लैको ने कहा कि वैक्सीन की दो डोज निस्संदेह डेंगू की रोकथाम के लिए असरदार हो सकती हैं। लेखकों ने यह भी पाया कि वैक्सीन की एक डोज लगवाने वालों में से 70 प्रतिशत से अधिक वयस्कों और 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों और किशोरों में संक्रमण के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया हुई फरवरी में टेकेडा और बायोलाजिकल ई लिमिटेड, हैदराबाद ने क्यूडेंगा वैक्सीन के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की थी। हालांकि, इसे भारत में इस्तेमाल के लिए मंजूरी नहीं मिली है। डेंगू पैदा करने वाला डीईएनवी वायरस संक्रमित मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द हो सकते हैं। यह बीमारी जानलेवा भी हो सकती है।

# पुतिन और किम जोंग उन से मेरी अच्छी बनती है,' एलन मस्क को दिए इंटरव्यू में और क्या-क्या बोले ट्रंप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क साथ नजर आए। मंगलवार






को टेस्ला सीईओ ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का इंटरव्यू लिया। हालांकि, तकनीकी दिक्कतों की वजह से इस इंटरव्यू के टेलीकास्ट में देरी हुई। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ के साथ बातचीत की। इस इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इजरायल-हमास युद्ध से लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को पुतिन जिनपिंग जैसे नेताओं से निपटने के लिए एक मजबूत राष्ट्रपति की जरूरत है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि जो बाइडन की वजह से ही चीन रूस और उत्तर कोरिया एक साथ आए। इंटरव्यू के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने मौजूदा वैश्विक हालात, राष्ट्रपति चुनाव समेत कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। वहीं, उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तारीफ की। वहीं, उन्होंने उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का जिक्र भी किया। ट्रंप ने कहा कि वो 'गेम' में टॉप पर हैं। उनका संदर्भ अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर था। उन्होंने कहा कि वो अपने देश से प्यार करते हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अच्छी पटती है। वो उनका सम्मान करते हैं। वहीं, वो मेरा भी सम्मान करते हैं। हम यूक्रेन के बारे में बात करते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि मैंने पुतिन को यूक्रेन पर हमला न करने की सलाह दी थी। इसके अलावा, शी जिनपिंग और किम जोंग उन को लेकर उन्होंने कहा कि इन नेताओं से निपटने के लिए एक मजबूत राजनेता की जरूरत है। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि किम जोंग उन के साथ भी उनके अच्छे संबंध हैं।ट्रंप ने इजरायल-हमास युद्ध का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अगर वो राष्ट्रपति होते तो इजरायल पर हमला नहीं होता। वहीं, ईरान को लेकर कहा कि जब वो राष्ट्रपति थे तब उन्होंने मालूम था कि ईरान घिरा हुआ है। वो जब राष्ट्रपति थे तो ईरान टूट चुका था। उनके पास आतंकवाद के लिए पैसे नहीं थे। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुद पर हुई गोलीबारी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे अचानक पता चला कि ये गोली थी। फिर मुझे एहसास हुआ कि मुझे कान पर गोली लगी है। जो लोग ईश्वर में विश्वास नहीं करते, मुझे लगता है कि उन्हें विश्वास करना शुरू कर देना चाहिए।

# सत्ता गिराने में हमारा कोई हाथ नहीं', शेख हसीना के आरोपों पर पहली बार बोला अमेरिका

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हाल में अमेरिका पर अपनी सरकार गिराने का आरोप लगाया था। शेख हसीना का आरोप था कि अमेरिका ने सेंट मार्टिन आइलैंड मांगा था।





अगर वह दे देती तो शायद आज मेरी सरकार बनी रहती। मगर ऐसा न करना भारी पड़ गया। हसीना का आरोप है कि इस आइलैंड के सहारे अमेरिका बंगाल की खाड़ी में अपना वर्चस्व बढ़ाना चाहता है। अमेरिका ने बांग्लादेश संकट में अपनी सरकार की संलिप्तता के आरोपों को खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस ने अमेरिका की संलिप्तता वाली सभी रिपोर्ट्स का खंडन किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन पियरे ने सोमवार एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमारी इसमें कोई संलिप्तता नहीं है। अमेरिका के शामिल होने वाली सभी रिपोर्ट्स सरासर झूठ हैं। अब शेख हसीना के इन्हीं आरोपों पर पहली बार अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन पियरे ने कहा कि बांग्लादेश मामले में हमारा कोई हाथ नहीं है। अमेरिकी सरकार के इसमें शामिल होने की रिपोर्ट अफवाह है और पूरी तरह से गलत है। यह बांग्लादेशी लोगों का चुनाव है। हमारा मानना है कि बांग्लादेश के लोगों को ही अपने देश की सरकार का भविष्य तय करना चाहिए। यही हमारा रुख है। अमेरिका स्थित विदेश नीति विशेषज्ञ और विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाली हिंसा के पीछे विदेशी हस्तक्षेप के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि इन दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं देखा है। मगर हसीना सरकार की प्रदर्शनकारियों पर कठोर कार्रवाई ने आंदोलन को और भड़काया था। मेरा दृष्टिकोण बहुत सरल है।

# भारत में घुसपैठ को रोकने के लिए एक्शन में तटरक्षक बल अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा की चौबीसों घंटे हो रही निगरानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद



यूनुस के अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने के बाद भी हिंसक प्रदर्शन, अराजकता और उपद्रव नहीं थम रहा है। वहीं, पड़ोसी देश में जारी हिंसक प्रदर्शन से सहमे कई लोग भारत में अवैध तरीके से घुसने के फिराक में हैं। हालांकि, बांग्लादेश के मौजूदा हालात को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एइ कड़ी निगरानी कर रही है। पड़ोसी देश में जारी हिंसा से सहमे लोग भारत में अवैध तरीके से घुसने के फिराक में हैं जिसको देखते हुए तटरक्षक बल भी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की निगरानी के लिए दो से तीन जहाज तैनात किए हैं। तटरक्षक बल के तटीय निगरानी रडार चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं। वहीं, भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के बाद अब भारतीय तटरक्षक बल भी एक्शन मोड में है। भारतीय तटरक्षक बल के उप महानिदेशक अनुपम राय ने बताया कि भारत में किसी भी तरह की अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की निगरानी के लिए दो से तीन जहाज तैनात किए हैं। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल के तटीय निगरानी रडार चौबीसों घंटे सुंदरबन, हल्दिया, पारादीप और गोपालपुर में लगातार निगरानी कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई अवैध गतिविधि नहीं देखी गई है।इस बीच, बांग्लादेश में चल रहे संकट को देखते हुए सीमा सुरक्षा बलों ने भी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। एइ ने सीमा चौकियों पर तैनाती भी बढ़ा दी है।

# अहमदाबाद से 'हर घर तिरंगा यात्रा' का होगा शुभारंभ, अमित शाह मंगलवार को दिखाएंगे हरी झंडी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल अहमदाबाद में 'हर घर तिरंगा यात्रा' की शुरुआत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को अहमदाबाद में



भाजपा की 'हर घर तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाएंगे।अहमदाबाद नगर निगम की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ध्वज के प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव और एकता को बढ़ावा देना है और यह अहमदाबाद के विराटनगर क्षेत्र में शाम 4.30 बजे शुरू होगा।15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा का शुभारंग कल अहमदाबाद में अमित शाह करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ध्वज के प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव और एकता को बढ़ावा देना है। बता दें कि यह कार्यक्रम अहमदाबाद के विराटनगर क्षेत्र में कल शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।ये अभियान देशभक्ति और राष्ट्रीय पहचान की भावना को मजबूत करते हुए नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के व्यापक अभियान की पहल का हिस्सा है।बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया है। इस दौरान केंद्र सरकार ने नागरिकों से हर घर, दुकान और दफ्तर पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया।इससे पहले, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की थी।28 जुलाई को 112वीं 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी भारतीयों से स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान में हिस्सा लेने का आह्वान किया था।जानकारी के लिए बता दें कि 'हर घर तिरंगा' एक अभियान है जो आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 2021 में लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी।

# हिंडनबर्ग में मुख्य निवेशक हैं जॉर्ज सोरोस', भाजपा ने लगाया भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय



मंत्री रविशंकर प्रसाद ने की चेयरपर्सन माधबी बुच के खिलाफ हिंडनबर्ग के आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और देश में निवेश को नष्ट करने के लिए एक ढकोसला है। कांग्रेस बना रही माहौलः रविशंकर प्रसाद उन्होंने ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि शॉर्ट सेलिंग कंपनी का आरोप और विपक्ष द्वारा बाजार नियामक सेबी की आलोचना एक व्यापक साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित, स्थिर और बेहतर बाजार के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा माहौल बनाना चाहती है कि भारत का निवेश परिदृश्य सुरक्षित नहीं है।रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस हिंडनबर्ग में निवेशक हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि शेयर बाजार धराशायी हो जाए, जिसने करोड़ों छोटे निवेशकों को अच्छी आय दी है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा खारिज किए जाने के बाद, कांग्रेस, उसके सहयोगियों और टूलकिट गिरोह में उसके सबसे करीबी सहयोगी ने भारत में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने के लिए एक साथ साजिश रची है।

# हमलों की खबरें विचलित करने वाली बांग्लादेशी हिंदुओं पर प्रियंका गांधी ने कहा- धर्म के आधार पर हिंसा अस्वीकार्य

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को लेकर सोमवार को चिंता प्रकट



की और उम्मीद जताई कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को लेकर सोमवार को चिंता जताई। उन्होंने कहा ''पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म जाति भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं।'' प्रियंका ने ये भी कहा कि उन्हें उम्मीद है बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के अपदस्थ होने के बाद से वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं।'' प्रियंका ने ये भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की अंतरिम सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी। बता दें कि प्रियंका गांधी से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी किसी देश का नाम लिए बिना कहा था, देश और देशवासियों की रक्षा करना हर देश का कर्तव्य होता है। प्रियंका गांधी की यह टिप्पणी बांग्लादेश में चल रही राजनीतिक अशांति के बीच आई है, जिसमें पिछले सप्ताह शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 500 से अधिक लोग मारे गए हैं।

# आईटीआर फाइल करने के बाद कम आए रिफंड तो क्या करें, रिवाइज्ड रिटर्न कब भरना होगा सही

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईटीआर फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, आखिरी तारीख तक 7.28 करोड़




रिटर्न फाइल किए गए हैं। आईटीआर फाइल करने के बाद टैक्स पेयर्स को अपने रिफंड का इंतजार होता है। रिफंड की प्रक्रिया आगे बढ़े इसके लिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट सबसे पहले टैक्सपेयर्स को उनके रिटर्न की प्रोसेसिंग को लेकर जानकारी देता है। प्रक्रिया के तहत टैक्सपेयर्स की ईमेल आईडी पर इंटीमेशन आता है। इसके तीन चार हफ्तों बाद ही टैक्सपेयर्स के खाते में रिफंड का पैसा आता है। हालांकि, यहां समझना जरूरी है कि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने वाले सभी टैक्सपेयर्स को रिफंड का पैसा नहीं मिलता है। डिपार्टमेंट की ओर से रिटर्न का पैसा वापस भेजा जाता है जब टैक्सपेयर ने अपनी देनदारी से ज्यादा पैसा टैक्स के रूप में जमा किया हो। इनकम टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया के दौरान टैक्सपेयर्स के टैक्स का कैलकुलेशन होता है। आईटीआर फाइल करने के बाद टैक्स पेयर्स को अपने रिफंड का इंतजार होता है। रिफंड की प्रक्रिया आगे बढ़े इसके लिए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट सबसे पहले टैक्सपेयर्स को उनके रिटर्न की प्रोसेसिंग को लेकर जानकारी देता है। प्रक्रिया के तहत टैक्सपेयर्स की ईमेल आईडी पर इंटीमेशन आता है। इसके तीन चार हफ्तों बाद ही टैक्सपेयर्स के खाते में रिफंड का पैसा आता है। डिपार्टमेंट की ओर से टैक्सपेयर्स को इनकम टैक्स एक्ट सेक्शन 143 सब सेक्शन 1 के तहत टैक्सपेयर्स को इंटीमेशन भेजा जाता है। डिपार्टमेंट की ओर से भेजी गई इस डिटेल में अगर आप पाते हैं कि टैक्स की कैलकुलेशन सही नहीं है और आपका रिफंड ज्यादा होना चाहिए तो आप इनकम टैक्स एक्ट सेक्शन 154 के तहत रेक्टिफिकेशन रिक्वेस्ट फाइल कर सकते हैं। इस रेक्टिफिकेशन रिक्वेस्ट को टैक्सपेयर्स इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के ई-फाइलिंग पोर्टल पर विजिट कर फाइल कर सकता है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का कहना है कि इंटिमेशन नोटिस को लेकर किसी तरह की गलती पाते हैं तो ई-फाइलिंग पोर्टल पर रिक्वेस्ट किया जा सकता है। यहां समझने की जरूरत है कि रेक्टिफिकेशन रिक्वेस्ट का ऑप्शन केवल उन रिटर्न के लिए काम आता है जो पहले से ही सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर द्वारा प्रोसेस किए जा चुके हैं। रेक्टिफिकेशन रिक्वेस्ट को सबमिट करने के साथ किस तरह की गलतियों को सुधारा जा सकता है। इस बारे में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का कहना है कि अपनी ओर से की गई किसी अन्य गलती के लिए रेक्टिफिकेशन रिक्वेस्ट का इस्तेमाल न करें।

# मंगलवार के लिए अपडेट हुए फ्यूल प्राइस, राजधानी दिल्ली में गुरुग्राम से सस्ता पेट्रोल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने




पेट्रोल और डीजल के रेट्स रिवाइज कर दिए हैं। इन कंपनियों ने घरेलू बाजारों के लिए फ्यूल की ताजा कीमतें, मंगलवार, 13 अगस्त के लिए अपडेट की हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक आज भी फ्यूल की कीमतों में किसी भी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। आज भी पेट्रोल और डीजल पुरानी कीमतों पर ही खरीदा जा सकेगा। घरेलू बाजारों के लिए फ्यूल की ताजा कीमतें मंगलवार 13 अगस्त के लिए अपडेट हो चुकी हैं। मालूम हो कि देश की सरकारी तेल कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे फ्यूल के रेट्स रिवाइज करती हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें हर शहर में अलग-अलग होती हैं। ऐसा पेट्रोल और डीजल की कीमत पर लगने वाले वैट की वजह से होता है। मालूम हो कि पेट्रोल पर जीएसटी नहीं लगता है लेकिन, पेट्रोल का रिटेल सेलिंग प्राइस एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमिशन, वैट जुड़ने के बाद फाइनल होता है। अगर आप भी घर से बाहर गाड़ी लेकर निकल रहे हैं तो टंकी फुल करवाने से पहले पेट्रोल-डीजल का प्राइस चेक कर लेने की सलाह दी जाती है। इस आर्टिकल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, अलग-अलग महानगरों और शहरों में पेट्रोल-डीजल की ताजा कीमत की जानकारी दे रहे हैं- अपने शहर में पेट्रोल और डीजल के ताजा रेट्स एक एसएमएस के जरिए जान सकते हैं। फोन पर स्पेस पेट्रोल पंप का डीलर कोड टाइप कर 92249 92249 पर मैसेज भेज सकते हैं। उदाहरण के लिए नई दिल्ली के लिए 102072 टेक्स्ट को एंटर कर बताए गए नंबर पर मैसेज सेंड कर सकते हैं। अपने शहर के पेट्रोल पंप के डीलर कोड को इंडियन ऑयल की वेबसाइट से चेक कर सकते हैं।


# बांग्लादेश हिंसा के खिलाफ संसद से पास हो निंदा प्रस्ताव,' भारत की मशहूर हस्तियों ने लिखा पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर लेखकों, शिक्षाविदों, नामचीन हस्तियों ने पत्र लिखकर चिंता जताई है। इन लोगों मनाने का वीडियो प्रसारित हो रहा है। बांग्लादेश में हिंदु आबादी ने बार-बार उत्पीड़न का सामना किया है, जो राजनीतिक अस्थिरता के समय अक्सर और बढ़ जाता है। बांग्लादेश चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार 2013 से बांग्लादेश में हदुओं पर 3,600 से अधिक हमले हुए हैं। बांग्लादेश में वर्तमान घटनाक्रम के कारण अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़



ने बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ संसद से सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में लेखक अमीश त्रिपाठी, अश्विन सांघी, अभिषेक बनर्जी, राजीव मंत्री , स्मिता बरूआ और सुप्रीम कोर्ट के वकील जे. साई दीपक शामिल हैं पत्र में कहा गया है, हाल के दिनों में हमने बेहद परेशान करने वाली घटनाएं देखी हैं। मेहरपुर में इसकान केंद्र को जलाया गया, पूरे बांग्लादेश में कई मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। दंगाइयों द्वारा हिंदुओं की हत्या का जशन में हिंदुओं पर हमलों को लेकर लेखकों शिक्षाविदों नामचीन हस्तियों ने पत्र लिखकर चिंता जताई है। इन लोगों ने बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ संसद से सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है हाल के दिनों में हमने बेहद परेशान करने वाली घटनाएं देखी हैं। पूरे बांग्लादेश में कई मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। 1971 में जब बांग्लादेश के गठन से पहले पाकिस्तानी शासन में 25 लाख हिंदुओं की हत्या कर दी गई थी। तब से हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार गए हैं।पत्र में कहा गया, हम संसद से आग्रह करते हैं कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले और सांप्रदायिक हिंसा की निंदा करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करे। संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर बांग्लादेशी अधिकारियों पर दबाव डालें कि वे अपने हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं। अपराधियों पर कार्रवाई करें। अत्याचारों को रोकने तथा बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के मौलिक मानवाधिकारों को बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई जरूरी है।

# स्पोर्ट्स



## बुमराह मेरे 300की0मी0 स्मैश शॉट को नहीं झेल पाएंगे' साइना नेहवाल ने आखिर क्यों कहा ऐसा, जिससे हर कोई हो गया हैरान




## बीसीसीआई शुरू कर सकता है लीजेंड्स खिलाडियों की अपनी लीग, पूर्व क्रिकेटरों ने जय शाह के सामने रखी मांग


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दुनियाभर में टी-20 की बढ़ती लोकप्रियता को भुनाने के लिए शुरू की गई विभिन्न लीजेंड्स लीग में अनियमितताओं और विभिन्न समस्याओं को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी आईपीएल की तर्ज पर लीजेंड्स खिलाडियों की अपनी लीग शुरू कर सकता है।इस समय दुनिया भर में कई लीजेंड्स खिलाडियों की लीग खेली जा रही हैं, जिनमें वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स, ग्लोबल लीजेंड्स लीग, लीजेंड्स लीग क्रिकेट प्रमुख हैं। इन लीग में भारत के सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, अंबाती रायुडू समेत कई खिलाड़ी खेलते हैं।इस समय पूरे विश्व में क्रिकेट को अलविदा कह चुके खिलाडियों के लिए कई तरह की टी20 लीग का आयोजन किया जाता है। इन लीगों में भारत के भी पूर्व क्रिकेटर खेलते हैं। लेकिन अब बीसीसीआई खुद अपनी लीजेंड्स लीग ला सकता है। देश के कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसे लेकर बीसीसीआई सचिव जय शाह के सामने अपनी बात रखी है।इन लीगों में मुथैया मुरलीधरन, सनथ जयसूर्या, क्रिस गेल, कीरोन पोलार्ड, एबी डिविलियर्स जैसे कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भी खेलते हैं। बीसीसीआई अभी आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग (डब्लूयूपीएल) आयोजित करता है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में भारत के कुछ पूर्व खिलाडियों ने बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की और उनसे लीजेंड्स लीग कराने का आग्रह किया। पूर्व क्रिकेटर चाहते हैं कि लीजेंड्स लीग का आयोजन आईपीएल की तरह किया जाए।शहरों पर आधारित फ्रेंचाइजी टीमें हों और दुनियाभर



के खिलाडियों के लिए बोली लगाई जाएं। बीसीसीआई की ओर से इस प्रस्ताव पर संभावनाएं तलाशने का आश्वासन दिया है और अगर सब कुछ सही रहता है तो भारत में भी दर्शकों को पूर्व दिग्गज खिलाड.ियों के बीच लीजेंड्स लीग का आनंद लेने को मिल सकता है। बीसीसीआई ने की पुष्टि बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि, हमें इस संदर्भ में पूर्व क्रिकेटरों की ओर से प्रस्ताव मिला है, जिस पर विचार किया जा रहा है। हालांकि यह अभी प्रस्ताव के स्तर पर ही है जब उनसे पूछा गया कि क्या यह लीग इस साल हो सकती है तो उन्होंने कहा कि नहीं इतनी जल्दी यह संभव नहीं है। अगले साल जरूर इस बारे में सोचा जा सकता है। इसमें वे खिलाड़ी खेलेंगे जो अपने देश से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में भी नहीं खेलते हैं। बीसीसीआई से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि अगर भारत में इस तरह की लीग शुरू होती है तो इसका सीधा असर अन्य लीगों पर पड़ेगा। अभी फिलहाल जितनी भी लीग हो रही हैं, वह कुछ निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न क्रिकेट बोर्ड के समर्थन से आयोजित की जा रही है। कोई भी क्रिकेट बोर्ड लीजेंड्स लीग जैसे प्रतियोगिता का आयोजन सीधे तौर पर नहीं कर रहा है। इस साल जून में बर्मिंघम में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सहायता से आयोजित किया गया था।अगर बीसीसीआई जैसा सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड खुद की लीजेंड्स लीग शुरू करता है तो यह विश्व क्रिकेट में बड़ा कदम होगा। दुनियाभर के पूर्व क्रिकेटर अब भी भारत में खेलना चाहते हैं। इस तरह की लीग में खेलने वाले एक क्रिकेटर ने दैनिक जागरण से कहा कि अगर ऐसा होता है तो ये एक बेहतर कदम होगा और आईपीएल की अधिकतर फ्रेंचाइजी भी इसमें टीम लेंगी जिससे उन खिलाडियों को फिर से बेहतर मंच मिलेगा जो भारत सहित अपने बोर्डो के साथ आईपीएल में खेल चुके हैं।

## रोहित-विराट समेत 2 स्टार खिलाड़ी मिस कर सकते हैं प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट, सामने आई रिपोर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी के लिए टीम का चयन अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी करेगी। भारतीय टीम के जिन खिलाडियों पर खास ध्यान दिया जाएगा उनमें केएल राहुल शामिल हैं, जिन्होंने इस साल इंग्लैंड के



खिलाफ पांच टेस्ट मैचों में से चार मैचों को चोट के कारण मिस किया था दलीप ट्रॉफी 2024 का आगाज 5 सितंबर से होना है। इस टूर्नामेंट के लिए रोहित शर्मा विराट कोहली आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट (दलीप ट्रॉफी 2024) मिस कर सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के हवाले से यह जानकारी दी है। भारतीय टीम के जिन खिलाड.ियों पर खास ध्यान दिया जाएगा उनमें केएल राहुल शामिल हैं।वहीं, ऋषभ पंत भी अहम होंगे, जो दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट के बाद अपनी पूरी फिटनेस में लौटने के बाद पहली बार रेड-बॉल क्रिकेट में खेल सकते हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, सूर्यकुमार यादव जैसे बल्लेबाज भी चार टीमों में से कुछ में शामिल किए जा सकते हैं।दरअसल, दलीप ट्रॉफी 2024 के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा समेत जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन के घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने की आशंका है। वहीं, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लेकर पूरी उम्मीद है कि उन्हें पूरी तरह फिट होता देख किसी एक मैच में खेलने का मौका मिल सकता है, जिससे उनकी मैच फिटनेस साबित हो सके। मौजूदा समय में मोहम्मद शमी में बेंगलुरू के एनसीए (नेशनल क्रिकेट अकादमी) में रिहैब स्टेज पर है। पिछले सप्ताह उन्होंने धीरे-धीरे ज्यादा गेंदबाजी के वर्कलोड को अपने रूटीन में शामिल किया है। बता दें कि भारतीय टीम अगले पांच महीने में कुल 10 टेस्ट खेलेगी, जिसमें पांच टेस्ट होम और पांच ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने है। इस सीरीज के लिए सीनियर प्लेयर्स को अच्छा आराम दिया जा रहा है। सीनियर प्लेयर बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे। इस सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होना है।

## 113 मीटर का छक्का और गेंद स्टेडियम के बाहर, निकोलस पूरन ने तूफानी अंदाज में 200 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन; गेंदबाजों के उड़े होश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन अपनी तूफानी बैटिंग के लिए मशहूर हैं। उनका बल्ला जब




चलता है तो हर मैदान छोटा पड़ जाता है। पूरन इस समय इंग्लैंड में द हंड्रेड टूर्नामेंट में नॉर्दन सुपरचार्जर्स की तरफ से खेल रहे हैं। उन्होंने मैनचेस्टर ऑरिजनल्स के खिलाफ ऐसी बल्लेबाजी की है जिसे देख गेंदबाजों ने अपना सिर पकड़ा लिया। पूरन की इस पारी से सुपरचार्जर्स की टीम मैच जीतने में सफल रही। मैनचेस्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 152 रन बनाए। सुपरचार्जर्स की टीम ने तीन गेंद पहले ये लक्ष्य हासिल कर लिया।वेस्टइंडीज के तूफानी बल्लेबाज निकोलस पूरन इस समय इंग्लैंड में हैं और द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। इस लीग में पूरन का बल्ला जमकर चला है। उन्होंने तूफानी पारी खेली है और गेंदबाजों के परखच्चे उड़ा दिए। इस पारी के दौरान पूरन ने एक लंबा छक्का मारा। ये छक्का इतना दमदार था कि गेंद स्टेडियम के बाहर चली गई। अपनी पारी के दौरान पूरन ने दो चौके और आठ छक्के मारे। इसमें से एक छक्का तो पूरन ने काफी लंबा मारा जिसे देश दर्शक भी भौचक्के रह गए। पूरन ने ये छक्का 113 मीटर का मारा। सुपरचार्जर्स की पारी 74वीं गेंद पर पूरन ने डीप मिडविकेट पर छक्का मारा। स्कॉट कुरी की गेंद मिडिल स्टंप की लाइन में पूरन के पैरों पर थी। इस गेंद को पूरन ने ठीक अपने बल्ले के बीचों-बीच लिया और जोरदार छक्का मार दिया। ये 113 मीटर का छक्का था और गेंद स्टेडियम के बाहर चली गई थी। स्टैंड में ठीक पीछे की तरफ बैठे फैंस स्टेडियम के बाहर पड़ी गेंद को देख रहे थे और पूरन के शॉट पर हैरानी जता रहे थे। पूरन ने इस मैच में 33 गेंदों का सामना किया 66 रनों की पारी खेली।

## देखें आयरलैंड बनाम श्रीलंका महिला टीम का दूसरा टी20 मैच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम और श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के बीच दो मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। और प्रियदर्शनी ने शानदार प्रदर्शन किया और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। पहले बैटिंग करते हुए आयरलैंड महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट



इस सीरीज के पहले टी20 मैच में श्रीलंकाई महिला टीम ने 20 गेंद बाकी रहते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। डबलिन में खेले गए इस मैच में श्रीलंकाई महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम और आयरलैंड महिला टीम के बीच दूसरा टी20 मैच 13 अगस्त को खेला जाना है। सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ने आयरलैंड पर सात विकेट से जीत दर्ज की। श्रीलंका की तरफ से हर्षिता समरविक्रमा विशमी गुणरत्ने खोकर 145 रन बनाए। टीम की तरफ से कप्तान लौरा डेलानी ने 21 गेंदों पर 25 रन बनाए, जबकि गेबी लेविस ने 33 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली थी। इसके जवाब में 146 रन का पीछा करते हुए श्रीलंकाई महिला टीम ने 16.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और 7 विकेट से मैच जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। अब दूसरा टी20 मैच कल यानी 13 अगस्त को खेला जाना है। आइए जानते हैं इस मैच को फैंस कहां और कैसे फ्री में देख सकते हैं।

## आरसीबी की ट्रेनिंग में विराट कोहली की 'जासूसी' कर रहे थे विजय कुमार, खुद किया खुलासा- कहा- 'मैं उनको गौर से देख रहा था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा समय में युवाओं के आइ डल हैं। फिटनेस




से लेकर बैटिंग तक, विराट जिस तरह की मेहनत करते हैं और जिस तरह से अपने आप को तैयार करते हैं, वह कई लोगों के लिए सीखने वाली बात है। विराट के साथ आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिए खेलने वाले युवा तेज गेंदबाज विशाक विजय कुमार का भी यही मानना है विजय ने कहा है कि विराट के साथ ट्रेनिंग करने से एक खिलाड़ी के तौर पर आप पर काफी प्रभाव पड़ता है। विजय ने अभी तक 11 आईपीएल मैच खेले हैं और 13 विकेट अपने नाम किए हैं। इस साल खेले चार मैचों में उन्होंने चार विकेट लिए। आईपीएल-2023 में विजय ने सात मैच खेले थे और नौ विकेट लिए थे।विराट कोहली ने मौजूदा समय में फिटनेस से लेकर बैटिंग तक में नए पैमाने तय कर दिए हैं। अब हर कोई उनकी राह पर चलना चाहता है। युवा क्रिकेटर विराट की हर छोटी बात पर ध्यान देते हैं ताकि उनकी तरह बन सके। आईपीएल में विराट के साथ खेलने वाले तेज गेंदबाज विजय कुमार ने भी यही किया था और विराट के रुटीन को अच्छे से फॉलो किया था विजय ने कहा है कि वह जब आईपीएल में आरसीबी के लिए खेले थे तब उन्होंने विराट कोहली पर पूरा ध्यान दिया था। विजय ने बताया कि उन्होंने पूरी तरह से नोटिस किया था कि विराट क्या करते हैं। एएनआई ने अपनी रिपोर्ट में विजय के हवाले से लिखा है, ठविराट कोहली के साथ ट्रेनिंग करने से आप पर एक खिलाड़ी के तौर पर काफी प्रभाव पड़ता है। पिछले सीजन मैंने उन पर काफी ध्यान दिया था। मैंने उनकी छोटी-छोटी बातें पर ध्यान दिया था कि वह क्या करते है, उनकी प्रोसेस, उनकी निरंतरता। वह क्या खाते है, प्रैक्टिस का रुटीन क्या है। विजय ने कहा कि विराट हर मैच से पहले काफी आत्मविश्वास में रहते हैं और वह भी इसी आत्मविश्वास को हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ठवह हर मैच से पहले जितने आत्मविश्वास में रहते हैं वो बेहतरीन है। मैं भी अब मैदान पर उतरने से पहले वही आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करूंगा।विजय कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की महाराज ट्रॉफी में गुरवर्ग मिस्टिक्स के उप-कप्तान होंगे।

## लॉस एंजिलिस में 'कार मुक्त' ओलंपिक आसान नहीं, सामने है कई बड़ी चुनौतियां

**न्यूयार्क।** 2028 ओलंपिक की मेजबानी मिलने के समय लॉस एंजिलिस के नेताओं ने वचन दिया था कि ये इतिहास का सबसे स्वच्छ व हरा भरा ओलंपिक होगा। इसके



लिए आयोजकों ने इसे 'कार मुक्त' बनाने की योजना बनाई है, लेकिन क्या ये इतना आसान होगा। लॉस एंजिलिस में यातायात मौसम से ज्यादा दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। पेरिस ओलंपिक के समापन के साथ ही लॉस एंजिलिस ओलंपिक की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। आयोजकों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पूरी परिवहन प्रणाली में अत्यंत आवश्यक अपग्रेड पूरे करने होंगे। इसमें रेल लाइनों का विस्तार, बड़ी संख्या में बसों को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ना इत्यादि शामिल है ताकि लाखों लोग 4000 वर्ग मील में फेले शहर में आसानी से आवागमन कर सकें।पेरिस ओलंपिक-2024 का समापन हो गया है। क्लोजिंग सेरेमनी में मशहूर एक्टर टॉम क्रूज ने चार साल बाद लॉस एंजिलिस में होने वाले अगले ओलंपिक खेलों की मशाल आयोजकों को सौंप दी। लॉस एंजिलिस के आयोजकों की कोशिश है कि इन खेलों को बिना कार के आयोजित किया जाए लेकिन इसकी राह आसान नहीं लग रही है। इसमें कई तरह की चुनौतियां सामने आ सकती हैं। लॉस एंजिलिस के सार्वजनिक परिवहन में 109 मील रेल लाइन और करीब 120 बस रूट शामिल हैं। कोरोना महामारी के दौरान सार्वजनिक सेवा प्रभावित हुई थी जो अब तक पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाई है। शहर में मेट्रो नेटवर्क का इस्तेमाल 2019 की तुलना में 85 प्रतिशत ही है। हालांकि स्थानीय निवासियों का मानना है कि 2028 तक केवल चार साल परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कम है। मेट्रो के पूर्व मुख्य नवाचार अधिकारी जोशुआ शैंक ने कहा, मुझे लगता है कि सबसे बड़ी चुनौती यह है कि 2028 तक ट्रांजिट सिस्टम का उतना हिस्सा पूरा होने की संभावना नहीं है, जितनी उम्मीद की जा सकती है। पेशे से फिल्म संपादक 45 वर्षीय सेबेस्टियन ग्रेगोइ कहते हैं कि मेट्रो सिस्टम ओलंपिक को संभालने के लिए तैयार होगा, मैं इसको लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हैं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे है तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## विनेश फोगाट को मिलेगा सिल्वर मेडल सीएएस से आएगा बड़ा फैसला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के लिए मंगलवार का दिन बहुत बड़ा दिन है। इस दिन देश की महिला पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक मेडल मिलने पर फैसला आ सकता है। पेरिस ओलंपिक-2024 में विनेश ओवरवेट होने के कारण 50 किलोग्राम भारवर्ग में डिसक्वालिफाई कर दी गईं थीं। इसके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में अपील की थी। काफी इंतजार के बाद सीएएस विनेश के मामले पर फैसला सुना सकता है।विनेश ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बनी थीं। उनके फाइनल में जाने से देश का कम से कम सिल्वर मेडल पक्का हो गया था। हालांकि, पूरे देश को उस समय झटका लग गया था जब विनेश का वजन तय सीमा से 100 ग्राम ज्यादा निकला था। विनेश का वजन यूं तो दो किलो ज्यादा था, लेकिन रात भर मेहनत करने के बाद विनेश ने वजन कम किया था। फिर भी वह 100 ग्राम से चूक गई थीं।विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक-2024 में



100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण फाइनल नहीं खेल सकी थीं और मेडल से चूक गई थीं। विनेश ने इस मामले के खिलाफ र्णिए में अपील की थी और इस मामले पर फैसला आज आ सकता है। फैसला विनेश के फेवर में आता है तो उनको सिल्वर मेडल मिलेगा और उनका नाम इतिहास के पननें में दर्ज हो जाएगा।विनेश ने इस मामले के खिलाफ सीएएस में अपील की थी जिसे नौ अगस्त को मंजूर कर लिया गया था। इस मामले के लिए ऑस्ट्रेलियाई जज की नियुक्ति की गई थी। विनेश की तरफ से चार वकीलों ने उनका पक्ष रखा इनमें चार्ल्स एमसन, जोएल मोनलुइस,हैबिन एस्टेले किम और एस्टेले इवानोवा शामिल हैं। बाद में भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने भी इस मामले में आईओए की तरफ से विनेश की पैरवी की थी।सुनवाई 9-10 अगस्त तक पूरी कर ली गई थी। सीएएस ने अपनी तरफ से बयान जारी कर रहा था कि इस मामले पर फैसला पेरिस ओलंपिक के खत्म होने से पहले आ जाएगा। हालांकि बाद में कोर्ट ने बताया कि वह 13 अगस्त को फैसला देगा।विनेश ने छोड़ा ओलंपिक विलेज इस बीच सोमवार को खबर आई की विनेश ने ओलंपिक विलेज छोड़ दिया है। उनका सामान के साथ ओलंपिक विलेज से बाहर जाते हुए एक फोटो वायरल हो रहा है। विनेश इस फैसले से काफी दुखी हैं। डिसक्वालिफाई होने के बाद उन्होंने कुश्ती को अलविदा कह दिया था। अब देखना होगा कि सीएएस विनेश के पक्ष में फैसला सुनाता है या उनके खिलाफ।

# सम्पादकीय

## मुस्लिम समुदाय के लिए एक सकारात्मक पहल क्यों है

'वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक-2024' में वक़्फ़ बोर्डो के प्रबंधन को बेहतर और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कई संशोधन पेश किए गए हैं। इसका लक्ष्य वक़्फ़ संपत्तियों के दुरुपयोग से संबंधित चिंताओं को दूर करना और इस दिशा में प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करना है। भारत सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया 'वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक-2024' मौजूदा 'वक़्फ़ अधिनियम-1995' में व्यापक एवं आवश्यक बदलाव का प्रस्ताव करता है। इसका मुख्य उद्देश्य वक़्फ़ बोर्डों की देखरेख करनेवाले नियमों को अदयतन करते हुए उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना है। विधेयक में वक़्फ़ बोर्डो के प्रबंधन को बेहतर और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कई संशोधन पेश किए गए हैं। इसका लक्ष्य वक़्फ़ संपत्तियों के दुरुपयोग से संबंधित चिंताओं को दूर करना और इस दिशा में प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करना है। दरअसल, कुछ लोग वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक-2024 के विषय में मुस्लिम समुदाय को यह सुझाव देते हुए कि संशोधन हानिकारक हो सकते हैं, अनावश्यक रूप से गुमराह करने का प्रयास कर सकते हैं, हालांकि यह समझना महत्त्वपूर्ण है कि ये सुधार मूल रूप से वक़्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हैं। देखा जाए, तो वक़्फ़ संपत्तियों को ऐतिहासिक रूप से प्रायः कुप्रबंधन और अतिक्रमण से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पंजीकरण, वित्तीय रिपोर्टिंग और प्रशासन-प्रबंधन के लिए नए नियमों को लागू कर, विधेयक का उद्देश्य इन मुद्दों से सीधे निपटना है।इस दृष्टि से संपत्ति पंजीकरण और विस्तृत वित्तीय प्रकटीकरण के लिए एक केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से इन संपत्तियों को अनधिकृत उपयोग से बचाने में सहायता मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि उनका प्रबंधन उनके इच्छित उद्देश्यों के अनुरूप किया जाए। ये परिवर्तन वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग और कुप्रबंधन को रोकने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो कई वर्षों से चिंता का विषय रहे हैं विधेयक में पेश किए गए सुधार उन समस्याओं के लिए एक आवश्यक प्रतिक्रिया हैं, जिन्होंने अतीत में वक़्फ़ प्रबंधन को परेशान किया है। बढ़ी हुई पारदर्शिता और जवाबदेही के कारण वक़्फ़ संपत्तियों को अतिक्रमण और दुरुपयोग से बचाने में निःसंदेह सहायता मिलेगी। ये संशोधन वक़्फ़ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए एक प्रतिबद्धता है। इस क्रम में समुदाय के दीर्घकालिक लाभ के लिए इन परिवर्तनों का समर्थन करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक-2024 को लेकर अनेक चिंताएं और भ्रामक सूचनाएं प्रसारित होती रही हैं, विशेषकर उन लोगों की ओर से जिनके पास यथास्थिति बनाए रखने में निहित स्वार्थ हो सकते हैं। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि विधेयक हानिकारक है, लेकिन इन संशोधनों को पारदर्शिता और जवाबदेही के चश्मे से देखना आवश्यक है। प्रस्तावित परिवर्तन मूल रूप से वक़्फ़ प्रणाली में सुधार के बारे में हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संपत्तियों का प्रबंधन अधिक प्रभावी और नैतिक रूप से किया जाए। विधेयक में संशोधनों में वक़्फ़ संपत्तियों के लिए एक केंद्रीय डेटाबेस और पोर्टल की स्थापना सम्मिलित है, जो सभी संपत्तियों का एक व्यापक रिकॉर्ड सुरक्षित एवं संरक्षित करेगा। यह विधेयक वक़्फ़ भूमि के कुप्रबंधन और अनधिकृत उपयोग की संभावनाओं को कम करने की दिशा में एक विकासात्मक पहल है। अतीत में, ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां एकीकृत और पारदर्शी प्रणाली की कमी के कारण वक़्फ़ संपत्तियों पर अतिक्रमण किए गए या उनका दुरुपयोग किया गया। नए नियम यह सुनिश्चित करके इस तरह के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं कि सभी संपत्तियों का उचित रूप से दस्तावेजीकरण और उनकी निगरानी की जाए। इसके अतिरिक्त, विधेयक वक़्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन में विभिन्न हितधारकों की भूमिका को बढ़ाता है, जिसमें केंद्रीय वक़्फ़ परिषद् में गैर-मुस्लिम सदस्यों को सम्मिलित करना भी है। यह समावेशी दृष्टिकोण इस दिशा में निर्णय लेने की प्रक्रिया में विविधता और विशेषज्ञता लाने के लिए बनाया गया है। इस क्रम में बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व और जवाबदेही तंत्र हितों के टकराव को रोकने में सहायता करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि वक़्फ़ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित उद्देश्यों के लिए किया जाए, जिससे पूरे समुदाय को लाभ हो। विधेयक में यह स्पष्ट किया गया है कि सरकारी संपत्तियों को वक़्फ़ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह एक तर्कसंगत और आवश्यक समायोजन है। यदि वक़्फ़ संपत्तियों ने सरकारी भूमि पर क़ब्ज़ा कर रखा है, तो इस स्थिति को पारदर्शी और व्यवस्थित तरीक़े से संबोधित करना महत्त्वपूर्ण है। भूमि के उचित प्रबंधन और सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों की समीक्षा करने में स्वाभाविक रूप से कुछ भी गलत नहीं है। इस समीक्षा का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी संपत्तियों, चाहे वह वक़्फ़ रूप में या सरकारी रूप में वर्गीकृत हों, का उपयोग कानूनी और नैतिक मानकों के अनुरूप किया जाए। सत्यापन की यह प्रक्रिया वक़्फ़ संपत्तियों और सरकारी भूमि दोनों की अखंडता को बनाए रखने के लिए महत्त्वपूर्ण है। ऐसे मामलों की समीक्षा करना, जहां वक़्फ़ संपत्तियों ने सरकारी भूमि पर क़ब्ज़ा किया है, स्वामित्व और उपयोग के अधिकारों को स्पष्ट करने में मददगार है। यह किसी भी अनुचित कार्य का सुझाव नहीं देता है, बल्कि यह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है कि सभी संपत्तियों का प्रबंधन सही और कानूनी तरीक़े से किया जाए। इसके अलावा, यह समीक्षा प्रक्रिया किसी भी विसंगति को ठीक करने और वक़्फ़ संपत्तियों के प्रबंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। यह सुनिश्चित करके कि सभी संपत्तियों का सही तरीके से दस्तावेजीकरण और उपयोग किया गया है, यह प्रणाली बेहतर निगरानी को बढ़ावा देती है और विवादों के जोखिम को कम करती है। अधिनियम में एक महत्त्वपूर्ण संशोधन वक़्फ़ बोर्डो में मुस्लिम महिलाओं और ग़ैर-मुस्लिमों का बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व है। वक़्फ़ बोर्ड में मुस्लिम महिलाओं और ग़ैर-मुस्लिम सदस्यों को सम्मिलित करना पारदर्शिता की दिशा में एक समावेशी और प्रगतिशील पहल है। यह समावेशी प्रतिनिधित्व बोर्ड को संभवतः अधिक संतुलित और न्यायसंगत प्रबंधन की ओर ले जाएगा और सभी हितधारकों की ज़रूरतों को पूरा करेगा, जिससे विभिन्न समूहों के बीच एकता और समझ की भावना विकसित करने में सहायता मिलेगी। वक़्फ़ संपत्तियों का इतिहास भ्रष्टाचार और शोषण के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जहां उनके प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालनेवालों ने कई बार निजी लाभ के लिए अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है। परिणामस्वरूप मुस्लिम समुदाय के भीतर शैक्षिक, सामाजिक और धार्मिक कारणों का समर्थन करने के लिए बनाई गई मूल्यवान संपत्तियों का नुकसान हुआ है। नए नियम और निगरानी तंत्र आरंभ करने से वक़्फ़ संपत्तियों को न केवल शोषण से बचाया जा सकेगा, बल्कि यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि उनका उपयोग व्यापक समुदाय के लाभ के लिए किया जाए। आगाख़ानी वक़्फ़ और बोहरा वक़्फ़ जैसे शब्दों के लिए नई परिभाषाएं और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना वक़्फ़ प्रबंधन में अधिक स्पष्टता और सटीकता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। विभिन्न प्रकार की वक़्फ़ संपत्तियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने का यह प्रयास ग़लतफ़हमी और विवादों से बचने में सहायता करेगा। इससे विभिन्न प्रकार की वक़्फ़ संपत्तियों को बेहतर ढंग से समझने और उनका प्रबंधन करने में सहायता मिलेगी। अगाखानी और बोहरा के लिए अलग-अलग औक़ाफ़ बोर्ड स्थापित करना एक सराहनीय निर्णय है, जो इन समुदायों की अनूठी ज़रूरतों और चिंताओं को पहचानता है। केंद्रीय वक़्फ़ परिषद् का विस्तार करके ग़ैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना एक दूरदर्शी कदम है।

# क्या भारत में भी हो सकती है बांग्लादेश जैसी स्थिति आखिर क्या है उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान के मायने

देश में सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा है, इसमें कोई भी दो राय नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बीच-बीच में विपक्ष की ओर से ऐसे तत्वों को जरूर हवा दी जा रही है, जिन्हें लेकर चिंता उभरती है। वर्ष



2019 में जब नागरिक संशोधन कानून (सीएए) बना तो दिल्ली के शाहीन बाग में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क रोककर बैठ गए थे। देश में सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा है, इसमें कोई भी दो राय नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बीच-बीच में विपक्ष की ओर से ऐसे तत्वों को जरूर हवा दी जा रही है, जिन्हें लेकर चिंता उभरती है। वर्ष 2019 में जब नागरिक संशोधन कानून (सीएए) बना तो दिल्ली के शाहीन बाग में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क रोककर बैठ गए थे। दरअसल, उनका इशारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की ओर था, जिन्होंने एक बयान दिया कि ऊपर सब सामान दिख सकता है, लेकिन बांग्लादेश जैसी घटना भारत में हो सकती है। कुछ अन्य विपक्षी नेता भी ऐसे विचार व्यक्त कर चुके हैं। उप राष्ट्रपति जैसे उच्च पद पर बैठे व्यक्ति का इस गंभीर विषय पर बोलना और चिंता जताना वाकई गंभीर विषय है।देश में सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा है, इसमें कोई भी दो राय नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बीच-बीच में विपक्ष की ओर से ऐसे तत्वों को जरूर हवा दी जा रही है, जिन्हें लेकर चिंता उभरती है। वर्ष 2019 में जब नागरिक संशोधन कानून (सीएए) बना तो दिल्ली के शाहीन बाग में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क रोककर बैठ गए थे। देश के अन्य हिस्सों में भी कई शाहीन बाग खड़े किए गए, जबकि केंद्र सरकार ने पूरी तरह स्पष्ट किया था कि सीएए कानून भारत के किसी नागरिक को प्रभावित नहीं करता है। किसी भारतीय की नागरिकता नहीं जा रही थी। इस आंदोलन को विपक्ष की तरफ से खूब हवा दी गई। उस समय तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब भारत में थे तो दिल्ली के कुछ इलाकों में दंगा तक भड़क गया था, जिसमें कई लोगों की जान गई। देशद्रोह की धाराओं में कई लोग आज भी जेल में बंद हैं। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इशारा ऐसे ही लोगों की ओर है।नरेंद्र मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में कृषि सुधारों को लेकर तीन कृषि कानून लेकर आई थी, जिसे लेकर देश के कुछ भागों में किसानों का आंदोलन खड़ा किया गया। खासकर पंजाब के किसान दिल्ली बॉर्डर पर आकर बैठ गए। सालभर दिल्ली के आसपास कई डेरे डाले रखे। दिल्ली में लाल किले के भीतर तक उपद्रवी पहुंच गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए थे, लेकिन आज भी पंजाब में किसान किसी न किसी मुद्दे को लेकर कभी रेल तो कभी हाईवे रोक देते हैं, कभी टोल व्यवस्था को ध्वस्त कर देते हैं। पंजाब में सबकुछ ठीक चल रहा है, यह कहना मुश्किल है।लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति यह है कि पंजाब में चल रहे रोड प्रोजेक्ट्स को लेकर केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को चिट्ठी लिखकर स्पष्ट कह दिया है कि यदि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) अधिकारियों और ठेकेदारों को सुरक्षा नहीं दी गई तो 14,288 करोड़ रुपए के 293 किलोमीटर के रोड प्रोजेक्ट को बंद करना पड़ेगा। मणिपुर में हाईकोर्ट के एक फैसले के कारण दो समुदायों के बीच में उपद्रव आज तक थमा नहीं है, जबकि सरकार और कोर्ट इस मुद्दे को लेकर स्थिति स्पष्ट कर चुका है। सत्ता पक्ष लंबे अरसे से देश में विदेशी शक्तियों की दखलांदाजी की बात को उठाता आ रहा है। हिंडनबर्ग हो या जॉर्ज सोरोस या अन्य विदेशी संस्थाएं, एक नैरेटिव जरूर देश में खड़ा करने का प्रयास हो रहा है। भले संविधान बदलने या आरक्षण खत्म करने की बात हो, जिस पर वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने लड़ा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं इन मुद्दों पर स्थिति साफ की, लेकिन एक फेक नैरेटिव जरूर खड़ा करने की पूरी कोशिश विपक्ष की ओर से आज भी जा रही है सुप्रीम कोर्ट का अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में वर्गीकरण का निणन्य आने के बाद एक बार आंदोलन की सुगबुगाहट होने पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि यह निणन्य लागू नहीं होगा, लेकिन जो विपक्षी पार्टियों चुनाव में आरक्षण का मुद्दा उठा रही थीं, उनकी ओर से इस मुद्दे पर मौन धारण किया जा रहा है।बांग्लादेश की स्थिति पर लौटते हैं। बांग्लादेश में जो हुआ, उसका प्रभाव भारत पर सुरक्षा, सामाजिक और आर्थिक रूप से पड़ेगा, यह बिल्कुल स्पष्ट है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इनदिनों भारत में शरण लिए हुए हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना को हटाने के लिए जो उपद्रव और हिंसा मची, उसे दुनिया देख रही है।जिस तरह से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। उनके धर्मस्थलों को तोड़ा जा रहा है। इस बात की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताई है। दुनिया के कई देशों में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन भारतीय विपक्ष की ओर से इस मुद्दे पर बिल्कुल सननटा है।बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मौन साधा हुआ है। शुरुआत में जरूर उन्होंने कहा कि वो भारत सरकार के फैसलों के साथ हैं, लेकिन विपक्षी नेताओं के साथ ममता भी बांग्लादेश पर चुप हैं, लेकिन फिलीस्तीन के मुद्दे पर यही विपक्ष हाय-तौबा मचा रहा है। विपक्ष के एक नेता तो 'जय फिलीस्तीन' का नारा लोकसभा में लगा चुके हैं।उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जो इशारा कर रहे हैं, उसे हल्के में लेकर हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। कहीं न कहीं यह दिख रहा है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर चोट पहुंचाने की कोशिशें जारी हैं। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। ऐसा हुआ तो यह संसदीय इतिहास में पहली बार होगा। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राष्ट्र के विकास और लोकतंत्र को पटरी से उतारने के लिए मनगढ़ंत नैरेटिव चलाने की ओर इशारा कर रहे हैं हर भारतीय को अति सतर्क रहने की आवश्यकता है। जाति, धर्म, संविधान, आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दों की सच्चाई को समझने और विवेक से सोचने की जरूरत है। किसी भी फेक नैरेटिव में बचना जरूरी हो गया है। ऐसा न हो कि हम राष्ट्रहित को दरकिनार कर दें, जैसा कुछ विदेशी ताकतें चाहती हैं। भारत के पड़ोसी देश आंतरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी आंच से बचकर हमें आगे विकास के पथ पर बढ़ते रहने की जरूरत है।

# आखिर कौन है जिम्मेदार पड़ोसी मुल्क में अराजकता का

सत्ताच्युत शेख हसीना पर भी निरन्तर सत्ता के दुरुपयोग और अधिनायकवाद के आरोप लगते रहे हैं, इसीलिए आज बांग्लादेश में दूसरी आजादी का नारा गूंज रहा है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या पहली आजादी जो 1971 में मिली वह किसी काम की नहीं थी। आज के घटनाक्रम से तो यही लगता है



स्वतंत्र बांग्लादेश के निर्माता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा को जब ढाका में 6 अगस्त 2024 को बहुत ही अपमानजनक ढंग से गिराया जा रहा था तो दुनियाभर के स्वतंत्रता और लोकतंत्रकामियों को फ्रांस की क्रांति की एक प्रमुख नेता मदाम रोलां का वह अंतिम और युगान्तरकारी कथन याद आ रहा होगा जिसमें उन्होंने कहा था कि ''हे आजादी तेरे नाम पर क्या अपराध हो रहे हैं''मदाम रोलां को उन्हीं के क्रांतिकारी जिरौंदिन्स साथियों ने 8 नवम्बर 1793 को गिलोटिन पर चढ़ाकर मार डाला था। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने तथा अपनी महान संस्कृति के चलते भारत की तुलना फ्रांस और बांग्लादेश की क्रांतियों से तो हूबहू नहीं की जा सकती फिर भी वैचारिक रूप से नेहरू जैसे भारत की आजादी के दीवानों को लेकर भारत में भी वैचारिक प्रतिक्रांति हो ही रही है।देखा जाए तो बांग्लादेश में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम, विशेष रूप से विभिनन गुटों के बीच आंतरिक सत्ता संघर्ष तथा फ्रांसीसी क्रांति के बाद की घटनाओं में पूर्णतः तो नहीं है मगर कुछ समानताएं अवश्य हैं। मसलन फ्रांस की क्रांति के बाद के हालात की तरह, बांग्लादेश में भी विभिनन गुटों के बीच राजनीतिक अशांति और सत्ता संघर्ष चलता रहा है।देखा जाए तो बांग्लादेश में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम, विशेष रूप से विभिनन गुटों के बीच आंतरिक सत्ता संघर्ष तथा फ्रांसीसी क्रांति के बाद की घटनाओं में पूर्णतः तो नहीं हैं मगर कुछ समानताएं अवश्य हैं। मसलन फ्रांस की क्रांति के बाद के हालात की तरह, बांग्लादेश में भी विभिनन गुटों के बीच राजनीतिक अशांति और सत्ता संघर्ष चलता रहा है।शेख हसीना के 15 सालों के शासन की कमियों का ही परिणाम है कि आज बांग्लादेश में ''दूसरी आजादी'' का नारा काफी बुलंदी से गूंज रहा है। उन्हें अपनी जान बचाने के लिए उस देश से भागना पड़ा जिस देश को उनके पिता ने जन्म दिया और जिस देश पर उन्होंने इतने सालों तक एकछत्र राज किया।चलो माना कि शेख हसीना को उनके कुशासन की सजा मिली। शेख मुजीब पर भी एक पार्टी शासन और अधिनायकवाद का आरोप लगता था। शायद इसीलिए सैनिक विद्रोह में उनकी सपरिवार हत्या हो गई। लेकिन एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के निर्माता और बांग्लादेश की आजादी के इतिहास की गवाह के रूप में ढाका के तोशखाना में मुजीब की विशालकाय प्रतिमा विद्रोहों के बावजूद खड़ी थी आखिर बांग्लादेश की आजादी की इस धरोहर को क्यों मिटा दिया गया यही नहीं आजादी का संग्रहालय भी जला दिया गया। क्या बांग्लादेश के लोग सचमुच अपनी आजादी का इतिहास भुलाना चाहते हैं? लगता नहीं कि वह राष्ट्र इतना कृतघ्न होगा जो कि पाकिस्तान के दमन, अत्याचार और शेख मुजीबुर्रहमान के आवाहन पर मुक्तिवाहिनी के स्वाधीनता संघर्ष को भूल जाए। दरअसल, भूल जाने और लोगों को भूलने पर विवश करने की आदत सत्ताकामी राजनीतिज्ञों और स्वार्थी तत्वों की होती है इतिहास के पनन्े टटोलें तो आप देखेंगे कि 1966 में, शेख मुजीब ने छह सूत्री आंदोलन प्रस्तुत किया, जिसमें पाकिस्तान के भीतर पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के लिए अधिक स्वायत्तता की मांग की गई थी। यह योजना बंगाली राष्ट्रवादी आंदोलन की आधारशिला बन गई और स्वायत्तता के लिए समर्थन जुटाने में सहायक रही शेख मुजीबुर रहमान को अपनी राजनीतिक सक्रियता और अपने देश की आजादी की खातिर कई बार गिरफ्तारियाँ और कारावास का सामना करना पड़ा। उन्हें अयूब खान के शासन में और फिर 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सरकार द्वारा हिरासत में लिया गया था।1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान, शेख मुजीब को पाकिस्तानी अधिकारियों ने कैद कर लिया था। उस समय उन्हें जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह मारा भी जा सकता था। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में बंगाली आबादी को एकजुट करने में उनका नेतृत्व और दूरदर्शिता महत्वपूर्ण थी। उन्हें स्वतंत्रता के संघर्ष के प्रतीक और राष्ट्र के शुरुआती विकास के प्रमुख वास्तुकार के रूप में याद किया जाता है।जनवरी 1972 में अपनी रिहाई के बाद, शेख मुजीबुर रहमान एक स्वतंत्र बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति और बाद में इसके प्रधान मंत्री बने, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण के शुरुआती वर्षों में इस नवजात राष्ट्र का मार्गदर्शन किया और विकास के ढांचे की बुनियाद रखी। उन्होंने बांग्लादेश के पहले संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने इसके लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों की नींव रखी। शासन और राष्ट्रीय विकास के लिए रूपरेखा स्थापित करने में उनका नेतृत्व महत्वपूर्ण था उनकी सरकार ने युद्धग्रस्त देश के पुनर्निर्माण और भूमि सुधार और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में सुधार के प्रयासों सहित सामाजिक सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया। एक स्वतंत्र और सम्प्रभु राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बंगबन्धु की प्रतिमा को जिस अनादर और नफरत के साथ जमींदोज किया गया उसे बांग्लादेश की आने वाली पीढ़ियां शायद ही सहन कर पायेंगी। अगस्त का महीना भारत की आजादी का महीना है। इसी महीने 9 अगस्त को गांधी जी ने ''मरो या करो'' का नारा देकर ''अंग्रेजो भारत छोड़ो आन्दोलन'' की शुरुआत की थी जिसमें लाखों लोगों ने गिरफ्तारियां दीं और ब्रिटिश राज का दमन सहा। कांग्रेसियों में गांधी जी के बाद सबसे ज्यादा जेल जवाहर लाल नेहरू को हुई थी। नेहरू निसन्देह आधुनिक भारत के निर्माता थे। फिर भी उन्हें सबसे बड़े खलनायक के तौर पर पेश किया जा रहा है। क्या यह वैचारिक प्रतिक्रांति या हिंसा नहीं

# सभी भारतवासी हैं मूल निवासी, संविधान में नहीं है नेटिव या आदिवासी शब्द

भारत में मूल निवासी की अवधारणा कभी नहीं रही। 13 सितंबर 2007 को जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूल निवासियों के अधिकारों की घोषणा की, तब भारत में स्पष्ट किया था कि हमारे यहां सभी मूल निवासी हैं और कोई बाहर से नहीं आया है। 9 अगस्त को विश्व मूल निवासी दिवस के रूप में मनाता है। 30 साल पहले वर्ष 1994 में इस दिवस



को मनाने की शुरुआत हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार दुनिया के 40 देशों में 43 करोड़ मूल निवासी हैं, जिनमें 25 प्रतिशत भारत में रहते हैं। हालांकि, भारत के संविधान में कहीं भी 'नेटिव' यानी मूल निवासी अथवा 'आदिवासी' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है। इन शब्दों का प्रयोग ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में किया जाता था। भारत में मूल निवासी की अवधारणा कभी नहीं रही। 13 सितंबर 2007 को जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूल निवासियों के अधिकारों की घोषणा की, तब भारत में स्पष्ट किया था कि हमारे यहां सभी मूल निवासी हैं और कोई बाहर से नहीं आया है। दरअसल, अंग्रेजी में 'नेटिव' शब्द मूल निवासियों के लिए उपयोग में लिया जाता है, जबकि अंग्रेजी के 'ट्राइबल' शब्द का अर्थ मूल निवासी नहीं होता है। 'ट्राइबल' शब्द का अर्थ होता है 'जनजाति'। ऐसे में 9 अगस्त को विश्व जनजाति दिवस कहना ज्यादा उचित होगा। भारत में पहले मूल निवासी दिवस मनाने का कोई चलन नहीं था। अमेरिका के मूल निवासी जरूर 9 अगस्त को अमेरिकी नरसंहार दिवस के रूप में मनाते है। वहां हजारों की संख्या में लोग संयुक्त राष्ट्र संघ मुख्यालय के बाहर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करते हैं, क्योंकि यूरोपीय देशों ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीकी देशों में अपनी बस्तियां बसाकर अपने साम्राज्य की स्थापना की थी। वहां बसे हुए मूल निवासियों को गुलाम बनाते हुए विस्थापित किया था। उनके संस्कृति, जीवन-दर्शन, रीति-रिवाज, मान्यताओं और धर्म को नष्ट किया था। प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा कर लिया था। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन प्रधानमंत्री केविन रूड ने 13 फरवरी 2008 को अपनी संसद में वहां के मूल निवासियों से क्षमा मांगी थी। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति कभी न कभी आदिवासी या वनवासी रहा है। कुछ सदी पहले सभी लोग वनों में ही निवास करते थे। विकास की गति जैसे-जैसे आगे बढ़ी तो कुछ ग्रामवासी हो गए और ग्रामों से नगर बने तो नगरवासी हो गए। ऋग्वेद में मनुष्यों के लिए 'जनजाति' शब्द का प्रयोग हुआ है। ऋग्वेद में 'जन' शब्द 127 बार आया है। कुछ इतिहासकार आर्यन इन्वेजन थ्योरी की बात करते हैं, जिस पर लंबे समय से बहस जारी है, क्योंकि कहीं भी आर्य आक्रमण का संदर्भ भारतीय इतिहास के किसी भी कालखंड में नहीं मिलता है। भारत में आज जो जनजाति हैं, उनमें बड़ी संख्या में रामपंथी हैं। छत्तीसगढ़ और झारखंड की 32 आदिवासी जनजातियां स्वयं को रामपंथी संप्रदाय से जोड़ती हैं। रामनामी संप्रदाय तो बताता है कि मुगलों ने उन्हें राम से अलग करने की कोशिश की तो उन्होंने अपने पूरे शरीर पर 'राम' का नाम गुदवा लिया। भील शबरी, निषाद राज केवट आदि ने भगवान राम को धर्म की स्थापना के लिए सहयोग दिया था। भगवान राम की माता कौशल्या 'कश्यप' गोत्र की थी, जो 'कंवर' जनजाति का गोत्र है। आज भी 'कंवर' समुदाय के लोग कौशल्या को बेटी के रूप में पूजते हैं और भगवान राम को भतीजा मानते हैं। भारत में आदिवासी समाज शैव और भैरव के साथ जंगल, पहाड़, नदियों, सूर्य की आराधना करते हैं। आदिवासियों के लोक देवता, ग्राम देवता, कुल देवता होते हैं।

# ADHUNIK TUTORIALS

## ("FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT")

**FOR CLASSES 1st-5th**

## (ADMISSION OPEN)

**FACILITIES** | **OUR TEAM**



- Air conditioned well Furbished classrooms
- Water cooler available
- Hygienic washrooms
- CCTV for safety purposes
- In campus parking

- **Dr.(Er)Puneet Arora (DIRECTOR)**
- **(B.Tech, M.Tech, MBA, Ph.D)**
- **Awarded with 'Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks**

**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**



- Ex. Student of Bethony Convent School , Bishop Johnson School & College, Girls school & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the field of Web Development and Machine Learning.

**Ms.Riya Arora (Counsellor)**

- **Ex. Student of Delhi Public School .**
- **Subject Topper of Delhi Public School**
- **Pursuing LLB from University of Allahabad.**

**Contact**
Call and Whatsapp: 8542919234

Address: B-Block ADA Colony, Mtek Campus (NITC) Naini Prayagraj.


# शहर के होटल, मॉल समेत औद्योयोगिक संस्थानों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, करते हैं ये गड़बड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** गोलघर क्षेत्र में सबसे अधिक उपभोक्ता हैं, जिन्होंने स्वीकार कनेक्शन से अधिक बिजली खपत की है। ये अभी भी कर ही रहे हैं। अब यहां के शो रूम, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य संस्थानों में क्षमता वृद्धि की जाएगी। इन्होंने अपने प्रतिष्ठानों पर गलत श्रेणी में बिजली कनेक्शन लिया है। इसका नुकसान बिजली निगम को राजस्व और लाइनलॉस दोनों में उठाना पड़ रहा। शहर में स्वीकृत कनेक्शन के सापेक्ष बिजली उपभोग करना अब आसान नहीं रहेगा। बिजली निगम की तरफ से ऐसे उपभोक्ताओं के परिसर में प्राथमिकता के आधार पर स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। ऐसे कुल 211 संस्थानों को चिह्नित किया गया है। इसमें होटल, मॉल, औद्योगिक संस्थान, अस्पताल समेत अन्य शामिल हैं।बिजली निगम शहरी क्षेत्र में जल्द ही स्मार्ट मीटर शुरू करने जा रही है। निगम की मंशा है कि बिजली चोरी और लाइन लॉस को कम करने की योजना से प्रीपेड और स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इसकी शुरुआत बड़े संस्थानों से की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि निगम




को सूचना मिली है कि लोग घरेलू श्रेणी के कनेक्शन पर अधिक बिजली खपत कर रहे हैं। इसी आधार पर सर्वे कर एक रिपोर्ट तैयार की गई।सबसे ज्यादा टाउनहॉल खंड में उपभोक्ता कम भार पर अधिक बिजली खपत करते पाए गए। कुल 95 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके यहां खपत स्वीकृत कनेक्शन से अधिक हैं। इसके अलावा चतुर्थ खंड राप्ती नगर में 56 उपभोक्ताओं ने गलत श्रेणी में बिजली कनेक्शन ले रखा है। जबकि, बक्शीपुर खंड में 46 उपभोक्ता और मोहद्दीपुर खंड में 14 उपभोक्ताओं ने गलत श्रेणी में बिजली कनेक्शन लिया है अधीक्षण अभियंता शहरी एलबी सिंह ने बताया कि क्षमता से अधिक बिजली खपत करने की वजह से सामान्य उपभोक्ताओं को बिजली की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गर्मी में पहले बिजली आपूर्ति प्रभावी करने के साथ ऐसे उपभोक्ताओं का सर्वे कर सूची तैयार करवाई है। प्राथमिकता के आधार पर शहर में 211 उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगवाए जाएंगे। गोलघर क्षेत्र में सबसे अधिक उपभोक्ता हैं, जिन्होंने स्वीकार कनेक्शन से अधिक बिजली खपत की है। ये अभी भी कर ही रहे हैं। अब यहां के शो रूम, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य संस्थानों में क्षमता वृद्धि की जाएगी। निगम के राजस्व में होगी बढ़ोतरी बिजली निगम शहरी क्षेत्र में इन 211 उपभोक्ताओं के कनेक्शन की क्षमता बढ़ाकर अपने राजस्व को भी व्यवस्थिति करेगी। स्मार्ट मीटर लगने से जितना खपत होगा, उसी हिसाब से रीडिंग सेंट्रल सर्वर के तहत लेकर बिजली बिल बन जाएगा। इसमें रीडिंग स्टोर अन्य तरह का खेल नहीं हो सकेगा।

# खेत में फसल रखवाली के लिए लगाया था तार, आ रहा था करंट- चपेट में आए 3 युवकों की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के सपहा गांव के टोला महतो में सोमवार की रात एक बड़ा हादसा हो गया। फसल सुरक्षा के लिए चारों तरफ से दौड़ाए गए करंट युक्ततार की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत हो गई। रात से ही गायब युवकों की परिजन तलाश कर रहे थे कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के सपहा गांव के टोला महतो में सोमवार की रात एक बड़ा हादसा हो गया। फसल सुरक्षा के लिए चारों तरफ से दौड़ाए गए करंट युक्ततार की चपेट में आकर तीन युवकों की मौत हो गई। रात से ही गायब युवकों की परिजन तलाश कर रहे थे। मंगलवार की सुबह गांव के एक खेत के पास तीनों युवक मृत हाल में मिले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना को लेकर गांव वालों में फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट युक्त तार को लेकर



आक्रोश व्याप्त है। हादसे की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए हैं। इस घटना के बाद मृत तीनों युवकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव निवासी किसान लहरी कुशवाहा ने मक्के व सब्जी की खेती की है। नीलगाय और अन्य जानवरों से फसल को बचाने की खातिर उसने लोहे की तार लगाकर उसमें करंट प्रवाहित कर दिया था। सोमवार की रात गांव के ही तीन युवक विशाल (24) अमरजीत शर्मा (32) वर्ष और अमरजीत का भांजा सननी ( 22) वर्ष की करंटयुक्त तार की चपेट में आने से मौत हो गई।रात के वक्त गायब युवकों की परिजनों ने तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह जब लोग घरों से बाहर निकल लहरी के घर के खेत के पास पहुंचे तो तीनों युवक मृत हाल में मिले। इसकी जानकारी होने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, जानकारी होने के बाद एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। दूसरी तरफ, घटना के बाद से ही किसान लहरी कुशवाहा घर छोड़कर फरार है। गांव के लोगों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि अगर तार के करंट नहीं होता तो आज तीनों युवकों की जान बच गई होती।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## बिजनेसमैन संग डेटिंग रूमर्स के बीच कृति सेनन ने बताया कैसा चाहिए पार्टनर, बॉलीवुड में लगता है अकेलापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्मों के अलावा कृति सेनन अपनी डेटिंग अफवाहों को लेकर भी खूब लाइमलाइट में रहती हैं। मिमी के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं एक्ट्रेस का नाम टाइगर श्रॉफ से लेकर प्रभास तक कई अभिनेताओं के साथ जुड़ा है। इस वक्त चारों ओर चर्चा है कि कृति सेनन यूके बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। पिछले कुछ दिनों से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अफवाहों की मानें तो कृति यूके बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। इसी साल जुलाई में एक्ट्रेस ग्रीस में कबीर के साथ अपना बर्थडे सेलिब्रेट करती हुई नजर आई थीं। हाल ही में कृति ने रिलेशनशिप और लाइफ पार्टनर पर चुप्पी तोड़ी है।कुछ महीनों से कृति सेनन और कबीर बहिया के रिलेशनशिप को लेकर चर्चा हो रही है। 27 जुलाई को इन अफवाहों ने उस वक्त और जोर दे दिया, जब कृति रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ ग्रीस में बर्थडे सेलिब्रेट करती हुई नजर आईं। हालांकि, अभी तक न कृति और ना ही कबीर ने अपने डेटिंग पर मुहर लगाई है। अब डेटिंग रूमर्स के बीच कृति ने बताया है कि उन्हें कैसा लाइफ पार्टनर चाहिए।कृति सेनन ने फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में कहा, ठआप ऐसे लोगों को चाहते हैं जो आपकी जिंदगी में पॉजिटिविटी लाएं। आप आपके सुख-दुख दोनों पलों को शेयर करे। भले ही आप जिंदगी में हैं तो को-स्टार्स उनका परिवार बन जाते हैं, लेकिन तीन महीने



उनकी मौजूदगी में खुश रहते हैं क्योंकि वे आपको बेहतर बनने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं। वे आपके सबसे बुरे पलों में आपका साथ देते हैं। आप एक ऐसे साथी की चाहत रखते हैं जो आपके घर लौटने पर आपके साथ हो और बड़ी सफलता हासिल कर लें, लेकिन किसी के बिना यह सब बेकार लगता है।कृति सेनन ने आगे बताया कि उन्हें क्यों इंडस्ट्री में अकेलापन लगता है। उनका कहना है कि इंडस्ट्री में रिश्ते अस्थायी हैं। जब वह किसी फिल्म में काम करती बाद सब बदल जाता है और फिर दूसरी फिल्म के सेट पर रिश्ते बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिंदगी में स्थिरता होना बहुत जरूरी है। कृति ने यह भी कहा कि उन्हें अनकंडीशनल प्यार में यकीन है।

## विक्रांत मैसी की नई फिल्म एमूदे 36 का हुआ एलान, फिर ओटीटी पर तहलका मचाएंगे एक्टर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों तापसी पन्नू और सनी कौशल स्टारर फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' में नजर आए हैं। उनकी इस फिल्म को मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 9 अगस्त को रिलीज हुई है। इसी बीच अब विक्रांत की एक और मूवी का एलान हो गया है। अभिनेता की यह मूवी भी ओटीटी पर ही दस्तक देने वाली है, जिसका नाम सेक्टर 36 है। अब मेकर्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। चलिए जानते हैं कि ये मूवी कब और कहां दस्तक देने वाली है।विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुखिर्यों में बने हुए हैं। इसके साथ ही अब उनकी मूवी सेक्टर 36 का नया पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर ने किया है। एक्टर की यह मूवी भी ओटीटी पर ही दस्तक देने वाली है जिसे लेकर फैंस अब काफी खुश हो गए हैं। बता दें कि विक्रांत की फिल्म 'सेक्टर 36' भी सिनेमाघरों की जगह ओटीटी पर ही दस्तक देने वाली है। हाल ही में मेकर्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है, जिसमें विक्रांत का एक अलग ही अवतार देखने को मिल रहा है। इस फिल्म को 'स्त्री', 'बदलापुर' जैसी फिल्मों को बना चुके मैडॉक फिल्म्स लेकर आ रहे हैं। वहीं, मूवी का निर्देशन आदित्य निंबालकर ने किया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ही 13 सितंबर को दस्तक देने वाली है। फिल्म का पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि अस्पष्टीकृत गायबियां, एक घातक पीछा और काला सच। अविश्वसनीय विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल इस खौफनाक क्राइम-थ्रिलर में अभिनय करते हैं, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फैंस ने दिया ऐसा रिएक्शन विक्रांत की इस फिल्म पर उनके फैंस भी रिएक्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि वाओ, इसका इंतजार है। वहीं, दूसरे ने लिखा कि यह साल की बेस्ट फिल्म होगी। बता दें कि विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल की अलग-अलग भूमिकाओं वाली 'सेक्टर 36' में सत्ता, अपराध और सामाजिक असमानता के विषयों को दिखाया गया है। यह आदित्य निंबालकर की बतौर निर्देशक पहली फिल्म होने वाली है।



## फिर नजर आएगी शाहिद और कृति की जोड़ी, एक्ट्रेस ने 'तेरी बातों में उलझा जिया' के सीक्वल पर तोड़ी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस साल फरवरी में रिलीज हुई शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। इस मूवी में एक्ट्रेस ने रोबोट का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद भी किया था। अब एक बार फिर एक्ट्रेस इस मूवी को लेकर चर्चा में है। दरअसल, उन्होंने बातों ही बातों में हिंट दिया है कि जल्द इस मूवी का सीक्वल बनने जा रहा है।कृति सेनन को पर्दे पर आखिरी बार शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया देखा गया था । दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद भी किया था। ऐसे में अब खबर है कि एक बार फिर से मेकर्स दोनों को साथ लेकर आ रहे हैं । फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में कृति सेनन ने बताया कि, ''तेरी बातों में उलझा जिया के सीक्वल अभी लिखा जा रहा है। हम दोनों इसके के लिए काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म के रिलीज के दौरान एक्ट्रेस ने सिनेमाघर में फैंस को सरप्राइज दिया था और वहां मौजूद सभी ने मुलाकात की थी। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने चाहने वालों से खूब मजाक मस्ती भी की थी। इस दौरान एक्ट्रेस ने दर्शकों से पूछा था कि कैसी लगी आपको फिल्म और क्या इस फिल्म का दूसरा पार्ट बनना चाहिए। इस पर फैंस ने कहा है बनना चाहिए। अभिनेत्री ने हाल ही में ग्रीस में ब्वॉयफ्रेंड कबीर के साथ अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। सोशल मीडिया पर कई फोटोज भी वायरल हुई थी। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द फिल्म 'दो पत्ती' में नजर आएंगी, जिसकी लेखिका कनिका ढिल्लों है और कृति सेनन की ये बतौर निर्माता पहली फिल्म है। कृति सेनन के प्रोडक्शन की पहली फिल्म 'दो पत्ती' ओटीटी प्लेटफॉर्म 'नेटफ्लिक्स' पर रिलीज होगी। इसके अलावा वरुण धवन के साथ भेड़िया 2 में नजर आएंगी।



## चारू असोपा ने राजीव सेन को दी जन्मदिन की बधाई, कोजी होता नजर आया एक्स कपल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस चारू असोपा अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुखिर्यों में हैं। बीते साल एक्ट्रेस ने सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन से तलाक लिया था। इस कपल ने साल 2023 में के जून में अपने तलाक का एलान किया था। राजीव सेन और चारू असोपा ने साल 2019 में गोवा में शादी की थी। शादी के महज 6 महीने के अंदर-अदर इस कपल के रिश्ते में दरार आ गई थी और दोनों ने साल 2023 में तलाक ले लिया था। तलाक के बाद दोनों दोस्ती का रिश्ता साझा कर रहे हैं और आए दिन फोटोज भी पोस्ट करते रहते हैं। चारू अब अकेली अपनी एक साल की बेटी जियाना के साथ मुंबई में रहती हैं, लेकिन तलाक के बाद भी चारु-राजीव आपस में दोस्ती का रिश्ता शेयर करते हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने कुछ फोटोज शेयर की है, जिसमें वह राजीव संग कोजी होती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों पर यूजर कमेंट्स कर उन्हें काफी ट्रोल भी कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने रविवार को इंस्टाग्राम पर फैमिली फोटोज शेयर की, जिसमें राजीव सेन और बेटी जियाना भी नजर आ रही हैं। इसी के साथ एक्ट्रेस ने राजीन को जन्मदिन की भी बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा- जन्मदिन मुबारक हो राजीव। भगवान आपको सारी खुशियां दे। फोटो में देख सकते हैं चारु अपने एक्स हसबैंड के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों इस पल को काफी एंजॉय कर रहे हैं। इस दौरान कुछ यूजर्स ने एक्ट्रेस को ट्रोल भी किया। एक यूजर ने लिखा- इनका तो कुछ समाज में ही नहीं आता साथ है या अलग है। दूसरे यूजर ने लिखा- पहले बेचारे को जमाने में बदनाम कर दिया और अब जब उसने आलीशान घर बना लिया। तो रेड पहनकर हैप्पी बर्थडे राजीव'' बोल रही हो। बता दें, चारू असोपा मां बनने के बाद एक बार फिर से छोटे पर्दे पर अपनी वापसी की है। एक्ट्रेस इन दिनों शो 'कैसा है ये रिश्ता अंजाना सा' में नजर आ रही हैं।




## असित मोदी के साथ मैटर सुलझाने को तैयार थीं जेनिफर गुरुचरण सिंह ने दिशा वकानी के शो छोड़ने का भी बताया कारण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पॉपुलर सिटकॉम शो 'तारक मेहता का उलटा चश्मा' में मिसेजसोढी का रोल प्ले कर चुकीं जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर पर पिछले साल गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने उन पर सेक्शुअल हैरेसमेंट सहित कुछ अन्य आरोप भी लगाए थे। इसके अलावा शो से जुड़े कुछ अन्य लोगों को लेकर भी जेनिफर ने कुछ खुलासे किए थे। अब गुरुचरण सिंह ने इस मामले में अपनी बात रखी है। तारक मेहता का उलटा चश्मा शो पिछले कुछ वर्षों में अलग-अलग कारणों से सुखिर्यों में रहा है। कभी कुछ एक्टर्स के शो छोड़ने को लेकर तो कभी असित मोदी संग हुए किसी के मनमुटाव को लेकर। इस शो में लंबे समय तक मिसेज सोढी का कैरेक्टर प्ले करने वाली जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने असित मोदी पर कुछ आरोप लगाए थे जिसके बारे में अब गुरुचरण सिंह ने बात की है। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में गुरुचरण सिंह ने इस बारे में बात की। इसी के साथ उन्होंने ये भी बताया कि 'तारक मेहता' शो को उन्होंने छोड़ा नहीं था, बल्कि निकाले गए थे। गुरुचरण ने कहा, ''मैं जेनिफर जी से मिला। उनसे काफी बात हुई। मैं असित भाई के पास भी जाता था क्योंकि मेरी कुछ चीजों उनसे थी। मैं कोशिश करता था कि उन दोनों की मुलाकात हो जाए। फिर कुछ ऐसा हो गया था कि लगा कि मेरे पर ही बात न आ जाए इस चीज को लेकर क्योंकि कभी-कभी जो हेल्प करने जाता है, वो बेकसूर से कसूरवान हो जाता है।एक्टर ने कहा कि एक वक्त के बाद उन्हें ऐसा लगा कि जैसे वह इन दोनों के मामले में बेकार में फंस गए हैं। जबकि वह चाहते थे कि इनका जो भी मैटर है, वो सुलझ जाए। गुरुचरण ने ये भी बताया कि जेनिफर मामले को सुलझाने के लिए तैयार थीं, लेकिन असित मोदी मैटर सॉल्व करने के लिए तैयार नहीं थे।गुरुचरण ने बताया कि दिशा वकानी ने जब शो छोड़ा, तब किसी को बुरा नहीं लगा था क्योंकि उनके घर शादी का माहौल था, तो सब खुश थे। बाद उन्होंने वापसी के लिए फोन भी किया था। उनका वापस आना तय था, लेकिन आखिरी वक्त पर कुछ हुआ और वह वापस नहीं आईं।




## विजय वर्मा कैप्टन तो दीया मिर्जा पत्रकार, सामने आई सीरीज की पूरी स्टार कास्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डायरेक्टर अनुभव सिन्हा द कंधार हाईजैक के साथ स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह थ्रिलर सीरीज 1999 में पांच पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा भारतीय विमान के अपहरण पर आधारित है, इसमें विजय वर्मा समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं और इसका प्रीमियर इसी महीने नेटफ्लिक्स पर होने वाला है।मोस्ट अवेटेड सीरीज आईसी 814 द कंधार हाईजैक का मेकर्स ने एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने सीरीज में नजर आने वाले स्टार्स के बारे में बताया है कि कौन-कौन इस सीरीज में किसकी भूमिका निभाने वाला है। बता दें कि डायरेक्टर अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी यह सीरीज इसी महीने के आखिर में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। कुछ दिनों पहले इसका टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब मेकर्स ने इसकी स्टार कास्ट को इंट्रोड्यूस करते हुए यह बता दिया है कि कौन सा स्टार किसकी भूमिका निभा रहा है। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें स्टार कास्ट को इंट्रोड्यूस करवाया गया है। इस सीरीज में विजय वर्मा 'कैप्टन शरण देव' की भूमिका निभाते हुए दिखाई देने वाले हैं। वहीं, पत्रलेखा फ्लाइट अटेंडेंट इंद्राणी की भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा दीया मिर्जा हेडलाइंस इंडिया की एडिटर शालिनी चंद्रा, कुमुद मिश्रा रॉ के ज्वाइंट सेक्रेट्री रंजन मिश्रा बने हैं। अरविंद स्वामी विदेश मंत्रालय के सेक्रेट्री डी आर शिवरामाकृष्णन बने हैं। मनोज पाहवा आईबी के एडिशन्ल डायरेक्टर मुकुल मोहन और पंकज कपूर विदेश मंत्री विजयभान सिंह, नसीरुद्दीन शाह कैबिनेट सेकेट्री और हेड ऑफ सीएमजी विनय कौल की भूमिका में दिखाई देंगे।विजय वर्मा और नसीरुद्दीन शाह स्टारर यह सीरीज द कंधार हाईजैक वास्तविक घटना पर आधारित है। साल 1991 में नेपाल से नई दिल्ली जाते समय एक भारतीय विमान आईसी 814 का कुछ आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया था। फिर बाद उसे कई स्थानों पर ले जाने के बाद लास्ट में कंधार ले जाया गया। उन आतंकिवादियों ने 188 पैसेंजर्स की सेफ रिहाई के बदले मौलाना मसूद अजहर समेत 3 आतंकियों की रिहाई की शर्त रखी थी। विमानन इतिहास का यह सबसे लंबा अपहरण था। यह सीरीज 29 अगस्त को आने वाली है।



## सुशांत भी रेंट पर रहता था' नए घर को लेकर अदा शर्मा ने किया रिएक्ट, बताया किसके साथ भर रहीं किराया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** द केरल स्टोरी की हीरोइन अदा शर्मा पिछले काफी वक्त से अपने नए घर को लेकर चर्चा में हैं। वह कुछ महीने पहले ही उस घर में शिफ्ट हुई, जहां कभी सुशांत सिंह राजपूत रहा करते थे और 14 जून 2020 को उसी घर में अभिनेता की लाश मिली थी। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से ही मुंबई के बांद्रा पश्चिम में मोंट ब्लांक बिल्डिंग की छठी मंजिल पर स्थित उनका अपार्टमेंट खाली पड़ा था। कहा जा रहा था कि एक्टर के निधन के बाद से ही इस फ्लैट के लिए कोई किरायेदार नहीं मिल रहा है। हालांकि, चार साल बाद अदा शर्मा के शिफ्ट होने की खबर ने सभी को चौंका दिया था। ने कुछ महीने पहले दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के घर में शिफ्ट होने को लेकर खूब सुखिर्यां बटोरी थीं। अदा शर्मा ने एक बार फिर सुशांत के घर में रहने पर बात की है। द केरल स्टोरी एक्ट्रेस ने बताया है कि वह सुशांत वाले घर में किराये पर रहती हैं या उसे खरीदा है। अब अदा शर्मा ने बताया है कि वह सुशांत वाले घर पर किरायेदार के रूप में रह रही हैं या उसे खरीद लिया। बीते दिन वह मुंबई में स्पॉट हुईं। इस दौरान पैपराजी ने उनसे सवाल किया, ठआपने एक्टर का घर रेंट पर लिया है या खरीदा हुआ है।इस पर अदा कहती हैं, रेंट पर लिया है, खरीदा नहीं है। केरल स्टोरी के 300 करोड़ मेरे नहीं है। रेंट पर रह रही हूं लेकिन मिस्टर लालवानी का घर है। सुशांत भी रेंट पर ही रह रहा था।वहीं, सोमवार को हुए एक इवेंट में भी अदा शर्मा ने सुशांत वाले घर को लेकर बात की। उन्होंने कहा, ठमैंने वह फ्लैट किराये पर लिया था। केरल स्टोरी के कमाये 378 करोड़ रुपये मेरे नहीं हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, मेरी दादी भी इसमें योगदान देती हैं। उनका कहना है कि वह भी वहां रहती हैं, इसलिए वह भी किराया देंगी। मेरी मां काम नहीं करती हैं, इसलिए वे योगदान नहीं देती हैं, लेकिन वे हमारे लिए बढि़या खाना बनाती हैं। अदा शर्मा ने यह भी रिवील किया है कि उनके नए फ्लैट में कोई फर्नीचर नहीं है। उन्हें स्पेशियस घर पसंद है, क्योंकि वह डांस करना पसंद करती हैं। इवेंट में विक्रम भट्ट ने अपनी आगामी फिल्म तुमको मेरी कसम अनाउंस की है, जिसमें अदा शर्मा, अनुपम खेर, इश्वाक सिंह और एशा देओल लीड रोल में हैं।



## सारा अली खान ने पैपराजी के साथ मनाया अपना जन्मदिन, एक्ट्रेस के देसी लुक ने जीता फैंस का दिल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान सोमवार यानी 12 अगस्त को 29वां जन्मदिन मना रही है। इस खास अवसर पर उन्हें ढेर सारी बधाइयां भी मिल रही हैं। इस दिन को उन्होंने पैपराजी के साथ भी सेलिब्रेट करते हुए केक काटा, जिसकी एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सारा के जन्मदिन पर पैपराजी उनकी एक झलक पाने के लिए एक्ट्रेस के घर के बाहर जा पहुंचे। ऐसे में अभिनेत्री ने भी उन्हें निराश नहीं किया और अपना बर्थडे केक कट किया। इसकी एक झलक सेलेब्रिटी फोटोग्राफर योगेन शाह ने भी साझा की है। वीडियो में देख सकते हैं सारा को पैपराजी के लाए हुए चॉकलेट केक को काटती हैं और सभी को मिठाइयां भी खिलाती हैं। सारा अली खान को आज हर तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं मिल रही हैं। एक्ट्रेस ने पैपराजी के साथ अपना बर्थडे भी सेलिब्रेट किया और केक काटते हुए नजर आईं । इसके अलावा उन्होंने मिठाई भी बांटी जिसकी एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है । अभिनेत्री जल्द फिल्म मेट्रो इन दिनों में भी नजर आएंगी । इस मौके पर बिल्कुल देसी अवतार में दिखाई दी। उन्होंने व्हाइट कलर का सूट पहना हुआ है और माथे पर छोटी सी बिंदी भी लगाई हुई है। इस लुक में वह बेहद खूबसूरत लग रही है। इसके अलावा उन्होंने गले में रुद्राक्ष को पहना हुआ है। करीना कपूर ने इंस्टाग्राम पर सारा को विश करते हुए एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह पापा सैफ अली खान के साथ नजर आ रही हैं और कैप्शन में लिखा- 'हैप्पी बर्थडे डार्लिंग सारा। मैं तुम्हें बहुत सारा प्यार और कद्दू की सब्जी भेज रही हूं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।